दैनिक जागरण अमरोहा (02/05/2016)

धनौरा व हसनपुर की खतौनियां ऑनलाइन

- घर बैठे ही देख सकेंगे खतौनियां, नए आदेश भी ऑनलाइन होंगे फीड
- फिलहाल सूबे के 5 जनपदों की 10 तहसीलों का डाटा हुआ ऑनलाइन

जागरण संवाददाता, अमरोहा: शासन ने सूबे के 5 जनपदों की 10 तहसीलों की खतौनियों को ऑनलाइन कर दिया है। जनपद की धनौरा व हसनपुर तहसील का भूलेख डाटा मास्टर सरवर पर अपलोड करा दिया गया है। चरणबद्ध तरीके से अन्य जनपदों की अवशेष तहसीलों की खतौनियां भी ऑनलाइन की जाएंगी। किसी भी तरह के आदेश या टिप्पणियां भी ऑनलाइन ही दर्ज की जाएंगी।

मालूम हो कि राजस्व परिषद की पहल पर एनआईसी की ओर से नया भूलेख साफ्टवेयर तैयार किया गया है। इस साफ्टवेयर पर तहसीलों का पूरा भूलेख डाटा अपलोड किया जाएगा। जिसके बाद कोई भी भूलेख का विवरण देख सकेंगे। साथ ही समय समय पर होने वाले संशोधन भी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को ऑनलाइन ही करने पड़ेंगे। यानि की तहसील के अधिकारी व कर्मचारी लोगों का शोषण नहीं कर पाएंगे। साथ ही इस साफ्टवेयर के आने से पारदर्शिता के साथ ही अधिकारी व कर्मचारियों की जवाबदेही तय की गयी है। जिस स्तर पर भी खामी होगी संबंधित खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय है। एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल तक को डिजिटल सिग्नेचर उपलब्ध करा दिए गए हैं। पिछले कई माह से तहसील और एनआईसी के अधिकारी खतौनियों ऑनलाइन करने में जुटे थे। आर-6 में अंकित वकम्प्यूटर में दर्ज किये जाने हेतु लंबित प्रकरणों के नामांतरण की पूरी कार्यवाही पहले ही निपटा ली गयी थी। ऐसे प्रकरणों को तहसील के सर्वर पर फीड कर लिया गया था, क्योंकि अब सोमवार से समस्त आदेश और टिप्पणियां नए साफ्टवेयर में ही दर्ज किए जाएंगे। हालांकि निकट भविष्य में सूबे की सभी तहसीलों का भूलेख डाटा ऑनलाइन किया जाना है। लिहाजा परीक्षण के लिए जनपद की हसनपुर व धनौरा तहसील को चुना गया है। इन दोनों तहसीलों का भूलेख डाटा पूरी तरह से आनलाइन कर दिया गया है।

सूबे की इन दस तहसीलों की खतौनियां हुई ऑनलाइन

जनपद	तहसील का नाम
अमरोहा	हसनपुर व धनौरा
बिजनौर	नजीबाबाद व धामपुर
ललितपुर	ललितपुर सदर व महरौली
औरैया	औरैया सदर व विधुना
अलीगढ़	कोल व खैर

मोबाइल एप भी हो रहा तैयार

अमरोहा: चरणबद्ध तरीके से भूलेख डाटा तो ऑनलाइन हो ही रहा है, जिसे कोई भी संबंधित वेबसाइट पर जाकर कम्प्यूटर पर देख सकता है। यही नहीं भूलेख साफ्टवेयर तैयार करने वाली एनआईसी ने इसका मोबाइल एप तैयार करने की दिशा में भी कदम बढ़ा दिए है। मोबाइल एप का काम भी अंतिम चरण में हैं, उसे भी जल्द लांच किया जाएगा। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नलिन कौशिक ने बताया कि इस नए मोबाइल एप के जरिए भी एंट्रायड मोबाइल पर खतौनियों को देख सकेंगे।

जनपद की धनौरा व हसनपुर तहसील की खतौनियों को ऑनलाइन कर दिया गया है, सोमवार से कोई भी संबंधित वेबसाइट पर जाकर भूलेख संबंधी विवरण देख सकता है। हमें खुशी है कि शासन ने जो जिम्मेदारी जिला प्रशासन और एनआईसी के अधिकारियों को सौंपी थी उसमें हम खरा उतरे हैं। अमरोहा तहसील का डाटा भी जल्द ऑनलाइन किया जाएगा।

– एमए अंसारी, अपर जिलाधिकारी, अमरोहा।

अमर उजाला अमरोहा (02/05/2016)

धनौरा और हसनपुर तहसील की खतौनी हुई ऑनलाइन

अमरोहा। रविवार से जिले की दो तहसीलों की खतौनी ऑनलाइन हो गई हैं। इसमें धनौरा और हसनपुर तहसील की खतौनी शामिल हैं। अमरोहा जनपद ही नहीं प्रदेश के पांच जनपदों की दस तहसीलों की खतौनी ऑनलाइन हुई हैं। इस व्यवस्था के चालू होने से अब किसान घर बैठे इंटरनेट के जरिए एक क्लिक कर खतौनी के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। किसानों को तहसील और लेखपालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पेपर वर्क से छुटकारा मिलेगा।

पेपर लेस वर्क को बढ़ावा देने के लिए भू अभिलेखों को ऑनलाइन करने की कवायद चलाई गई है। इसके तहत तहसीलों की खतौनी ऑनलाइन होगी। प्रथम चरण में प्रदेश के पांच जनपदों को लिया गया है। इसमें अमरोहा, औरैया, अलीगढ़, ललितपुर, बिजनौर जनपद शामिल हैं। उक्त जनपदों की दस तहसीलों में रविवार से खतौनी ऑनलाइन कर दी गई हैं। अमरोहा जनपद की धनौरा और हसनपुर तहसील की खतौनी ऑनलाइन हो गई हैं। अपर जिलाधिकारी महमूद आलम अंसारी ने बताया कि यह सेवा जिले की दो तहसीलों में प्रारंभ हो गई है।